# स्नातक में 31 हजार सीटों पर होगा आन द स्पाट नामांकन

जासं, आरा : वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक के नए सत्र 2025-29 में नामांकन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आन द स्पाट नामांकन के तहत विश्वविद्यालय में कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में करीब 31 हजार सीटों पर सीधे नामांकन का मौका मिलेगा। विगत पांच सालों में पहली बार स्नातक में नामांकन के लिए कम आवेदन आए, जबकि सीटों की संख्या अब तक सबसे अधिक रही है। आन द स्पाट नामांकन लेने के लिए एक अगस्त को पोर्टल खोला जाएगा। विश्वविद्यालय ने दो मेधा सूची जारी करने के बाद तीसरी मेधा सूची जारी करने की जरूरत नहीं समझी, क्योंकि अंगीभूत कालेजों में अधिकांश सीटें भर गई हैं। दो मेधा सूची से विश्वविद्यालय में 62 हजार सीटों पर नामांकन हो चुका है। इसमें करीब 32 हजार अंगीभूत कालेजों में नामांकन हुआ, शेष नामांकन संबद्ध कालेजों में हुआ। अंगीभूत कालेजों में कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय की कुल सीटें करीब 39 हजार हैं। जो सीटें शेष रह गई हैं, वह कोटा के तहत होने वाले नौ प्रतिशत सीटें हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय ने तीसरी मेधा सूची जारी करना सही नहीं समझा। नामांकन के नोडल पदाधिकारी प्रो. धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आन द स्पाट के तहत छात्र-छात्राएं अंगीभूत और संबद्ध कालेजों में नामांकन होगा। विश्वविद्यालय के 19 अंगीभूत और 71 संबद्ध कालेजों में कुल 131538 सीट है। जबकि केवल 1,06,752 आवेदन आया। इसमें 61939 छात्र-छात्राओं ने नामांकन ले लिया है।

**61,939** का हो चुका है नामांकन, एक अगस्त को खुलेगा पोर्टल

एक लाख 31 हजार 538 सीट के विरुद्ध में एक लाख छह हजार 752 आए आवेदन, 32 हजार अंगीभूत कालेजों में नामांकन

पूर्व मध्य रेल